पत्रिका . खंडवा, रविवार, 01 मार्च, 2020
patrika.com

चर्चा

# हिंदी दिवस पर नेपा ऑडिटोरियम में बैठक का आयोजन हुआ



बैठक में चर्चा करते हुए।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** नेपा ऑडिटोरियम में शनिवार को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में नेपा लिमिटेड में । बैठक का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने कर्मचारियों को राष्ट्र भाषा हिंदी का अधिक उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कार्यालय में किसी भी प्रकार की परेशानी नही होनी चाहिए। प्रोजेक्ट के कार्य पर चर्चा करते हुए वरिष्ठो ने कर्मचारियों को जल्द काम पुरा करने की बात कही। इस दौरान बडी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

# केंद्रीय स्कूल और बैंक ऑफ इंडिया में काम हिंदी में

नेपानगर (नईदुनिया न्यूज)। नेपा लिमिटेड की नगर राजभाषा क्रियान्वयन समिति की छमाही बैठक शनिवार शाम चार बजे नेपा सभागार में हुई। अध्यक्षता नेपा मिल महाप्रबंधक कार्य व परियोजना आर अलागेशन ने की। अतिथि के बतौर बैंक ऑफ इंडिया प्रबंधक एसआर अहिरवार, रेलवे स्टेशन प्रबंधक आसाराम नागवंशी मौजूद थे।

उप प्रबंधक पीपी अस्थाना ने छहमाही प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें कहा गया कि सरकारी कार्यालयों में हिंदी का प्रचार- प्रसार तेजी से बढ़ रहा है। इस मामले में सबसे आगे बैंक ऑफ इंडिया और केंद्रीय विद्यालय रहा।

जिसमें हिंदी में पत्राचार का काम 100 फीसदी रहा। इस दौरान कार्यालय में हिंदी की सूची लगाने, कर्मचारियों का प्रशिक्षण आदि पर चर्चा हुई। साथ ही दूरसंचार विभाग और डाक विभाग द्वारा पूरी तरह हिंदी पर काम नहीं करने पर चिंता भी जताई गई।

इस दौरान कारखाना प्रबंधक एनआरए खान, अविजीत चटर्जी, सीएमओ निशी गीर, मिलिंद कि रंगे, कु लदीप श्रीवास्तव, विनोद शाह, प्रकाश चौधरी, बीएसएनएल के ओम बिरोठिया, केंद्रीय विद्यालय की मीना कपूर मौजूद थे। संचालन पीपी अस्थाना ने किया। आभार प्रबंधक संरक्षा किशन पटेल ने माना।



नगर राजभाषा क्रियान्वयन समिति की बैठक में उपस्थित सदस्य। • नईदुनिया

## करंट से बालक की मौत

भगवानपुरा। करंट लगने से एक बालक की मौत हो गई। जानकारी अनुसार ग्राम के बिस्टान रोड स्थित नहर के पास रहने वाले छह वर्षीय नितेश को नहर के पास करंट लग गया। उसके पिता राजेश ने बताया कि उनके मकान का काम चल रहा है। इसी के चलते उनकी पत्नी तरी कर रही थी तभी अचानक मोटर के तार टूटकर नीचे गिर गए। इस दौरान नितेश ने तार पकड़ लिए। करंट लगने के बाद परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा। एसआई तिलक डकसे ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# सुरक्षा को लेकर सजग रहें, तय समय में पूरा करें परियोजना कार्य- आर. अलागेशन



**नेपानगर** | नेपा लिमिटेड में गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक कार्य और परियोजना आर. अलागेशन ने अफसर-कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा- सभी सुरक्षा के प्रति सजग, सतर्क और जागरूक रहें। परियोजना कार्य को सुरक्षित तरीके से समय सीमा में पूरा किया जाए। साथ ही कोरोना वायरस से बचाव के उपाय भी बताए।

प्रबंधक औद्योगिक सुरक्षा किशन पटेल ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाने की आवश्यकता और महत्व बताया। उन्होंने दुर्घटनाओं के कारणों तथा उनकी रोकथाम के तकनीकी पहलुओं पर बात रखी। मुख्य अतिथि आर.अलागेशन ने नारा स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी अंकुर गोयल, सुरेशप्रसाद मिश्रा और पिंटू कुमार को स्मृति चिह्न तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर पुरस्कृत किया। साथ ही अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरुस्कार दिए गए। इस दौरान कारखाना प्रबंधक एनआरए खान, उप महाप्रबंधक अजय गोयल, प्रकाश चौधरी और वी.राजेश सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूंद थे। संचालन सहायक प्रबंधक रविंद्र शिवहरे ने किया। आभार प्रबंधक औद्योगिक सुरक्षा किशन पटेल ने माना।

दैनिक भास्कर
01-03-2020



# बीओआई व केंद्रीय विद्यालय ने किया हिन्दी में 100% पत्राचार

## नेपा लिमिटेड की नगर राजभाषा क्रियान्वयन समिति की छहमाही बैठक हुई

**भास्कर संवाददाता** | नेपानगर

राजभाषा विभाग केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर नेपा लिमिटेड की नगर राजभाषा क्रियान्वयन समिति की छहमाही बैठक शनिवार को नेपा सभागार में हुई। अध्यक्षता नेपा मिल महाप्रबंधक कार्य व परियोजना आर अलागेशन ने की। उपप्रबंधक पीपी अस्थाना ने छहमाही प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसमें बताया सरकारी कार्यालयों में हिन्दी का प्रचार-प्रसार तेजी से बढ़ रहा है। इस मामले में सबसे आगे बैंक ऑफ इंडिया और केंद्रीय विद्यालय रहा। इसमें हिन्दी में पत्राचार का काम 100 फीसदी रहा। इस दौरान कार्यालय में हिन्दी की सूची लगाने, आंकड़ों, कर्मचारियों का प्रशिक्षण आदि पर चर्चा हुई। साथ ही दूरसंचार विभाग और डाक विभाग द्वारा पूरी तरह हिन्दी पर काम नहीं करने पर चिंता भी जताई गई। इस दौरान बैंक ऑफ इंडिया प्रबंधक एसआर अहिरवार, रेलवे स्टेशन प्रबंधक आसाराम नागवंशी मौजूद थे।





बैठक में उपस्थित सदस्य। **(इनसेट में)** संबोधित करते बैंक ऑफ इंडिया प्रबंधक एसआर अहिरवार।

कार्यक्रम में बताया कि किस तरह सरकारी विभागों को हिन्दी में काम करना है। इस दौरान सदस्यों को जानकारी दी गई कि अंग्रेजी में आए पत्रों को अधिकांश विभागों ने हिन्दी में जवाब दिया। रेलवे स्टेशन को 60, स्टेट बैंक को 42, केंद्रीय विद्यालय को 28, दूरसंचार विभाग को 182, नेपा लिमिटेड को 130 पत्र अंग्रेजी में मिले। जिसमें से अधिकांश का हिन्दी में जवाब दिया गया। नेपा लिमिटेड के महाप्रबंधक कार्य व परियोजना आर अलागेशन ने कहा में जब यहां आया था तो हिन्दी बिल्कुल नहीं आती थी। धीरे धीरे इसे बोलचाल की भाषा में उपयोग कर सीखा। उन्होंने कहा कि हम संस्कृत को कम्प्यूटर में आसानी से ला सकते हैं तो हिन्दी को क्यों नहीं। बैठक में कारखाना प्रबंधक एनआरए खान, अभिजीत चटर्जी, सीएमओ निशी गीर, मिलिंद किरंगे, कुलदीप श्रीवास्तव, विनोद शाह, प्रकाश चौधरी, बीएसएनएल के ओम बिरोठिया, केंद्रीय विद्यालय की मीना कपूर मौजूद थे।